# आखिर क्यों कुर्सी पर रस्सी में बंधे विराट कोहली ?



टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों में जुटे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। तस्वीर में किंग कोहली रस्सी से बंधे दिखाई दे रहे हैं। रोचक बात यह है कि इस तस्वीर को खुद विराट ने ही ट्विटर पर शेयर की है। उन्होंने लिखा– बबल में खेलना कुछ ऐसा ही लगता है। कोहली यहां बताना चाहते हैं कि संयुक्त अरब अमीरात में बायो बबल को फॉलो करना कितना कठिन है।

तस्वीर को देखकर लग रहा है कि वह किसी विज्ञापन की शूटिंग से हो सकती है। महामारी कोविड–19 में जब से खेल शुरू हुआ है, उसके बाद से कड़े बायो बबल में खेलना खिलाड़ियों के लिए बड़ी चुनौती साबित हुई है। हालांकि, जब तक कोरोना वायरस पूरी तरह खत्म नहीं हो जाता तब तक बायो बबल के अलावा खेल बोर्डों के पास कोई और दूसरा रास्ता भी नहीं है। बता दें कि बता दें कि कोहली ने आईपीएल के एलिमिनेटर में कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ कप्तान के तौर पर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए आखिरी मैच खेला।

फिलहाल वह टीम इंडिया से जुड़ चुके हैं और भारत की मेजबानी में यूएई और ओमान में होने वाले टी–20 वर्ल्ड कप की तैयारियों में जुटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि टूर्नामेंट में भारतीय टीम टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत चिर–प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 24 अक्टूबर को दुबई में होने वाले मुकाबले के साथ करेगी। भारत का अगला मुकाबला 31 अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड से होगा, उसके बाद टीम को तीन नवंबर को अबू धाबी में अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना है।

# बड़े शाट लगाने के चक्कर में टीम पर दबाव बढ़ा रहे हैं खिलाड़ी

क्रिकेट

## टी–20 प्रारूप अनिश्चितताओं से भरा हैः गावस्कर



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। पिछले साल के खराब प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए जोरदार वापसी करने वाली दो टीमें इस साल खिताब के लिए एक–दूसरे के सामने थी। दोनों टीमें पहले ट्राफी अपने नाम कर चुकी हैं और जानती हैं कि फाइनल के दबाव से कैसे निपटा जाता है। दोनों टीमों की कमान ऐसे खिलाड़ियों के हाथ में है जो अपनी–अपनी राष्ट्रीय टीमों को आइसीसी विश्व कप जिता चुके हैं। हालांकि इनमें से एक खिलाड़ी यानी महेंद्र सिंह धौनी ऐसे हैं जिन्होंने भारत को सभी खिताब दिलाए हैं। दोनों ही बतौर बल्लेबाज काफी खराब फार्म में हैं। हालांकि उन्होंने ने एक बार विस्फोटक शाट से सजी अपनी दमदार बल्लेबाजी की झलक दिखाते हुए चेन्नई को फाइनल में प्रवेश दिलाया।

टी–20 प्रारूप अनिश्चितताओं से भरा है। ये प्रशंसकों को अपनी सीट से उठने को मजबूर कर देता है और अंगुली के नाखून कुतरने पर भी। ऐसा इसलिए भी होता है क्योंकि खुद के लिए प्रशंसनीय शाट खेलने का इरादा टीम को जीत दिलाने की जरूरत पर भारी पड़ जाता है और इससे आसान चीज भी मुश्किल हो जाती हैं। आधुनिक खिलाड़ी इस मामले में खुशकिस्मत हैं कि उन्हें इस ताबड़तोड़ प्रारूप में जवाबदेही के बारे में ज्यादा नहीं सोचना पड़ता। ऐसे में जब काफी ज्यादा गेंदों पर कम रन भी बनाने होते हैं, तब भी खिलाड़ी बड़े शाट लगाकर दो–तीन गेंदों में ही मैच खत्म करने के बारे में सोचते हैं। बल्कि इसकी जगह सिंगल–डबल्स रन लेकर मैच को चतुराई से जीतने के बारे में नहीं सोचते। बड़ा शाट लगाने के चक्कर में आउट होकर खिलाड़ी टीम पर दबाव बढ़ा देते हैं।

ऐसा नहीं है कि इसके शिकार सिर्फ युवा क्रिकेटर ही हो रहे हैं जो अपना पहला या दूसरा ही टूर्नामेंट खेल रहे होते हैं। बल्कि कई दिग्गज भी ऐसा करते हैं जैसा कि हमें दिल्ली के खिलाफ कोलकाता के दिग्गज बल्लेबाजों की ओर से भी देखने को मिला। अब चूंकि कोलकाता की टीम मैच जीतने में सफल रही तो कोई भी उन पर अंगुली नहीं उठाएगा, लेकिन मैच ऐसे ही पड़ावों पर पलट जाते हैं। मैच को खत्म करने की जिम्मेदारी अब बीते समय की बात हो चुकी है। यही वो जगह है जहां महेंद्र सिंह धौनी अलग खड़े नजर आते हैं। पहले क्वालीफायर में जब चेन्नई को कम गेंदों पर बहुत रनों की जरूरत थी तब वह फार्म में चल रहे रवींद्र जडेजा से पहले बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतर गए।

उन्होंने मैच खत्म करने की जिम्मेदारी उठाई और बिना जोखिम लिए ऐसा करके भी दिखाया। इस दौरान उन्होंने अंधाधुंध बल्ला नहीं चलाया। उनका स्वभाव उन्हें सबसे अलग करता है। अगर कोलकाता की टीम क्वालीफायर मुकाबले से सबक लेने में सफल रहती है तो यह यादगार फाइनल होगा।

# विवियन रिचडर्स ने टी20 वर्ल्ड कप से पहले लगाई क्रिस गेल को फटकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



एंटिगा। वेस्टइंडीज के लेजेंड क्रिकेटर सर विवियन रिचडर्स ने विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल के पूर्व तेज गेंदबाज कर्टली एंब्रोस पर आलोचनात्मक टिप्पणी को लेकर फटकार लगाई है। एंब्रोस ने हाल ही में कहा था कि गेल आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए ऑटोमेटिक पसंद नहीं थे। इसके बाद गेल ने कहा था कि वह एंब्रोस का सम्मान नहीं करते हैं।

एंब्रोस ने एक रेडियो शो में कहा था, 'मेरे लिए शुरुआत से गेल ऑटोमेटिक पसंद नहीं थे। अगर आप पिछले 18 महीने में उनकी पारियां देखें तो उन्होंने ना सिर्फ वेस्टइंडीज के लिए बल्कि अन्य टी20 फ्रैंचाइजी के लिए भी संघर्ष किया है। कुछ घरेलू सीरीज में भी उन्होंने रन नहीं बनाए।' इस बात पर गुस्सा हुए गेल ने पलटवार करते हुए कहा था, 'जब मैं टीम से जुड़ा था तो मैं एंब्रोस की ओर देखता था। लेकिन अब मैं दिल से कह रहा हूं कि जब से एंब्रोस रिटायर हुए हैं,वह गेल के खिलाफ हो गए हैं। ऐसी नकारात्मक बातें वह प्रेस के सामने कर रहे हैं, मुझे नहीं पता शायद वह सुर्खिया बटोरना चाह रहे हैं। मैं आपसे निजी तौर पर कहना चाहता हूं कि गेल जो यूनिवर्स बॉस हैं, वह एंब्रोस का सम्मान नहीं करते।'

इस पर रिचडर्स ने कहा, 'सर एंब्रोस ने बोलने का हक प्राप्त किया है। गेल को उन्हें निशाने पर लेने बजाए अपने प्रदर्शन में सुधार लाना चाहिए।' एक इंटरव्यू में रिचडर्स ने कहा, 'यह एंब्रोस की अपनी राय है जो वह रख सकते हैं। उन्होंने उच्च स्तर पर वैसी ही उपलब्धि हासिल की है जैसी गेल ने की है। जब आप ऐसी कोई बातें सुने तो वो ऐसे व्यक्ति की तरफ से आती हैं जो उस खेल में अपने विभाग का लेजेंड है जिसका प्रतिनिधित्व हम सभी ने किया है। आपको इनका सम्मान करना चाहिए।'

## आइपीएल फाइनल्स में सबसे ज्यादा रन रैना के नाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग में अब तक खेले गए फाइनल मुकाबलों में सुरेश रैना का रिकार्ड बेहतरीन रहा है। हालांकि इस सीजन में केकेआर के खिलाफ फाइनल मैच में प्लेइंग इलेवन में उन्हें शायद ही मौका मिले, लेकिन पिछले 13 सीजन में वो इस लीग के फाइनल मुकाबलों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। यही नहीं आइपीएल के फाइनल्स में अब तक सबसे ज्यादा छक्के भी रैना के नाम पर ही दर्ज है। सुरेश रैना को इस सीजन में काफी मौके दिए गए, लेकिन उन्होंने हर बार टीम को निराश किया और फिर बाद में उनकी जगह प्लेइंग इलेवन में राबिन उथप्पा को मौका दिया गया। आइपीएल फाइनल्स में सुरेश रैना ने कुल 249 रन बनाए हैं और सबसे पहले नंबर पर हैं तो वहीं इस मामले में दूसरे नंबर पर शेन वाटसन 236 रन के साथ मौजूद हैं। तीसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं जिनके नाम पर 183 रन दर्ज है तो वहीं मुरली विजय 181 रन के साथ चौथे जबकि एम एस धौनी 180 रन के साथ पांचवें स्थान पर हैं।

## न्यूज डायरी



### टी20 वर्ल्ड कप से पहले पाकिस्तान को बड़ा झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर ग्रांट ब्रैडबर्न ने पाकिस्तान के हाई परफॉर्मेंस कोचिंग प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया। वह तीन साल से पीसीबी से जुड़े थे। न्यूजीलैंड के पूर्व टेस्ट स्पिनर सितंबर 2018 से जून 2020 के बीच पाकिस्तानी टीम के फील्डिंग कोच भी थे। इसके बाद उन्होंने कोचिंग के विकास की जिम्मेदारी संभाली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की एक विज्ञप्ति में ब्रैडबर्न ने कहा, 'पाकिस्तान क्रिकेट के साथ काम करना गर्व की बात रही। मैं सुनहरी यादों और शानदार अनुभव के साथ विदा ले रहा हूं।' रमीज राजा के पीसीबी प्रमुख बनने के बाद से पद छोड़ने वाले ब्रैडबर्न पांचवें आला अधिकारी हैं। उनसे पहले पाकिस्तान के मुख्य कोच मिसबाह उल हक, गेंदबाजी कोच वकार युनूस, सीईओ वसीम खान और मार्केटिंग प्रमुख बाबर हमीद पद छोड़ चुके हैं। ब्रैडबर्न ने कहा कि कोरोना प्रोटोकॉल के चलते वह परिवार के साथ समय नहीं बिता पा रहे थे।

### युवा लेग स्पिनर की फिरकी के मुरीद हुए सचिन तेंदुलकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। महान बल्लेबाज और क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में एक बच्चा बेहतरीन तरीके से लेग स्पिन गेंदबाजी करता नजर आ रहा है, जिसकी तारीफ करने से सचिन तेंदुलकर खुद को रोक नहीं पाए। एक या दो नहीं, बल्कि जितनी भी बार ये गेंदबाज गेंद फेंक रहा है, उतनी बार बल्लेबाज भी चकमा खा रहा है, क्योंकि गेंद खराब पिच पर भी अच्छी खासी स्पिन हो रही है। इस वीडियो को शेयर करते हुए सचिन तेंदलुकर ने लिखा कि उन्हें यह वीडियो एक दोस्त ने भेजा और युवा लेग स्पिनर के वायरल वीडियो को देखकर इस छोटे लड़के में खेल के लिए प्यार और जुनून स्पष्ट दिख रहा है। वीडियो में बच्चा लेग स्पिन से लगातार बल्लेबाजों को चकमा देते हुए दिखाई दे रहा है। इसमें कोई भी बल्लेबाज उस बच्चे की गेंद को खेल नहीं पा रहा है। बच्चे ने कई बार बल्लेबाज को बोल्ड भी किया। वीडियो आप यहां देख सकते हैं।

### 10वीं बार कन्कशन का शिकार हुए विल पुकोवस्की, क्रिकेट से हो सकती है छुट्टी!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। आस्ट्रेलिया के सलामी टेस्ट बल्लेबाज विल पुकोवस्की पिछले सप्ताह अभ्यास सत्र के दौरान गेंद लगने के कारण कन्कशन (सिर में गेंद लगने पर अचेत होने की अवस्था) के शिकार हो गए। पुकोवस्की अपने करियर में अब तक करीब 10 बार कन्कशन का शिकार हो चुके हैं। अब ताजा चोट से उनके स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा होना स्वाभाविक है। क्रिकेट विक्टोरिया ने कहा, क्रिकेट विक्टोरिया इसकी पुष्टि करता है कि विल पुकोवस्की को पिछले मंगलवार अभ्यास के दौरान सिर में चोट लगी थी। वह फिलहाल क्रिकेट विक्टोरिया की मेडिकल टीम के साथ उपचार करा रहे हैं। वह जल्द ही मैदान पर लौटना चाहते हैं। पुकोवस्की को लगी चोट आस्ट्रेलिया के लिए करारा झटका है, क्योंकि वह इस साल के आखिर में डेविड वार्नर के साथ एशेज सीरीज में पारी की शुरुआत करने वाले थे।

### घरेलू टी20 सीरीज के लिए बड़े खिलाड़ियों को दिया जा सकता है आराम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। हो सकता है कि भारत टी–20 विश्व कप फाइनल के एक हफ्ते से भी कम समय बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली टी–20 सीरीज के दौरान अपने ज्यादातर सीनियर खिलाड्यिों को विश्राम दे। उम्मीद है कि घरेलू सरजमीं पर न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टी–20 मैचों में एक युवा टीम मैदान पर उतरेगी, जिसमें ज्यादातर आइपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी होंगे। न्यूजीलैंड की टीम नवंबर–दिसंबर में भारत दौरे के दौरान तीन टी–20 मैचों के अलावा दो टेस्ट मैच भी खेलेगी। इसमें से इंग्लैंड में बायो–बबल काफी कम बंदिशों वाला था, जिससे मैनचेस्टर में पांचवां टेस्ट भारतीय खेमे में कोविड–19 मामले आने के कारण रद कर दिया गया था।